### एक नजर में

#### मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना

**खिलचीपुर 27 दिसम्बर, सं.** राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव के नेतृत्व में अम्बेडकर पार्क तुलसी नगर भोपाल में प्रथम नियुक्ति से वरिष्ठता बहाली, ई अटेंडेंस जैसी अव्यावहारिक व्यवस्था समाप्त किए जाने, पुरानी पेंशन बहाल किए जाने, अतिथि शिक्षकों को गुरुजियों की भांति नियमित किया जाए एवं अनुकम्पा नियुक्ति नियमों को शिथिल किए जाने सहित नौ सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया. प्रतिनिधि मंडल में प्रांतीय उपाध्यक्ष राघवेंद्र सोहगौरा, मीडिया प्रभारी सियाराम पटेल, सचिव हरगोविंद दुबे, उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, उपाध्यक्ष राधेश्याम पुरविया व महिला मोर्चा प्रतिनिधि मंजुला शर्मा सहित जिले से अध्यक्ष सुरेश दांगी, सचिव सत्यनारायण बैरागी, योगेन्द्र मंडलोई, मुकेश विजयवर्गीय, श्याम वर्मा, दीनबंधु शर्मा, नरसिंहगढ से अध्यक्ष राजेश यादव, ब्यावरा से देवेन्द्र दांगी, सुठालिया से चन्दर सिंह परमार, राजगढ़ से जगदीश किरार, खिलचीपुर से कैलाश चन्द्र दांगी, जीरापुर से ईश्वर सिंह परमार, माचलपुर से हंसराज तेजरा, सारँगपुर से हरिनारायण सेन के साथ संकुल अध्यक्ष नगर अध्यक्ष शामिल रहे.

#### पेंशनर का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 30 को

**जीरापुर 27 दिसम्बर, सं.** पेंशनर का स्वास्थ्य परीक्षण शरीर 30 दिसंबर को पेंशनर भवन में जिला आयुष चिकित्सा अधिकारी राजगढ़ के निर्देशन में होगा. जिसमें डॉक्टर अतुल प्रजापति आयुष चिकित्सा अधिकारी एवं उनकी टीम द्वारा सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक निशुल्क परीक्षण एवं औषधि वितरण की व्यवस्था रहेगी. पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद एवं जिला उपाध्यक्ष आरसी चौरसिया द्वारा समस्त पेंशनरों से समय पर उपस्थित होकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का लाभ लेने की अपील की है.

#### गुलावता मुक्तिधाम सेवा समिति का चुनाव संपन्न

**पड़ाना 27 दिसम्बर, सं.** ग्राम पंचायत गुलावता में मुक्तिधाम समिति अध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया में 3 स्थानीय ग्रामीणों ने अपनी दावेदारी रखी. 99 लोगों ने मतदान किया. जिसमें 72 मत दुर्गेश जामलिया पहाड़ी सेठ को मिले. वही दो अन्य लोगों को 12 एवं 6 मत मिल पाए. 9 मत नाटो में पड़े. अधिकतम मत मिलने पर दुर्गेश जामलिया को मुक्तिधाम सेवा समिति का अध्यक्ष घोषित किया गया. उपाध्यक्ष के तौर पर राजेश खाती एवं कोषाध्यक्ष पीरुलाल मालवीय को नियुक्त किया गया. इस मौके पर दुर्गेश सोमानी, कैलाश भानेज,प्रेम चौधरी, सुरेश फौजी, बापू लाल पटेल,दुर्गेश पवार,जगदीश मालवीय,अंकित टेलर,राजेश बरेठा, पवन चौधरी, शांतिलाल महेश्वरी, गोविंद मालवीय, कार्तिक महेश्वरी, शंकर चंद्रवंशी, संतोष भिलाला, राजेश डेरी, कमल देथलिया,रामचंद्र बाबूलाल शर्मा, शंकर पांडे, शंकर चंद्रवंशी, संतोष कुमार, इत्यादि को समिति सदस्य बनाया गया इस मौके पर अन्य ग्रामीणों ने बधाई देकर स्वागत किया.

#### झाडला में सकल हिन्दू समाज की बैठक सम्पन्न

**झाडला 27 दिसम्बर, सं.** झाडला में सकल हिन्दू समाज की बैठक हाट बाजार प्रांगण में सम्पन्न हुई. संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर झाडला मंडल मे हिन्दू सम्मलेन होना है. अगामी 16 जनवरी को होना है. 1 जनवरी कलश यात्रा और ध्वज स्थापना और पूजन हाट बाजार मे होगा. बैठक मे वक्ता सुरेश चंद्रवंशी जिला समरसता संयोजक उपस्थित रहे. बैठक में रामनिवास मीणा बजरंग दल जिला संयोजक, ब्रज मोहन परमार जिला सह कार्यवाह ने भी संबोधित किया. इस मोके पर सकल हिन्दू समाज झाडला मंडल के 12 गांव के कार्यकर्ता सहित संघ, बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिसाद, हिन्दू जागरण के कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# चंद कदम दूर थे ऑक्सीजन सिलेण्डर

## जिला चिकित्सालय के स्टोर रूम में लगी आग सिलेण्डर तक नहीं पहुंच पाई वरना हो जाती अनहोनी

**मुख्य स्टोर रूम से चंद कदम पर ही रखे थे ऑक्सीजन सिलेण्डर**

**जिला चिकित्सालय के मुख्य स्टोर में आगजनी की जांच हेतु पांच सदस्यीय टीम बनाई**



### सुरक्षा के इंतजाम दिखे नदारत

जिला चिकित्सालय जैसी अहम जगह पर किसी भी आगजनी की घटना से निपटने के लिए जहां आग बुझाने के व्यापक इंतेजाम होना चाहिए वहीं जिला चिकित्सालय में आगजनी के दौरान आग बुझाने के इंतेजाम नदारद दिखाई दिये. ऐसे में आग की विभिषिका कहीं व्यापक रही.

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 27 दिसम्बर, का. शुक्रवार को जिला चिकित्सालय स्थित मुख्य स्टोर रुम में आग सुलग उठी जिसके कारण लाखों रुपये कीमत की दवाईयां, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी सामग्री जलकर स्वाहा हो गई, विशेष बात यह रही कि स्टोर रुम के चंद कदम दूर पर ही ऑक्सीजन सिलेण्डर रुम है वहां तक आग नहीं पहुंची वरना कोई बड़ी अनहोनी घट सकती थी जिसमें कहीं अधिक नुकसान हो जाता.**

उल्लेखनीय है कि जिला चिकित्सालय में स्थित मुख्य स्टोर के पीछे वाले हिस्से में शुक्रवार को भयावह आग लग गई थी. दमकल द्वारा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका. भयावह आग में लाखों रुपये कीमत की दवाईयां एवं स्वास्थ्य सेवाओं की सामग्री स्वाहा हो गई थी. स्टोर से लगा ऑक्सीजन सिलेण्डर का रुम है, सौभाग्य से वहां तक आग नहीं पहुंची और इसके पूर्व ही आग पर काबू पा लिया गया.

#### नियम विरुद्ध दिया प्रभार

जिला चिकित्सालय स्थित मुख्य स्टोर का प्रभार एक संविदा कर्मचारी को सौंप दिया गया. जो कि चर्चा का विषय बना हुआ है. जानकारी के अनुसार संविदा कर्मचारी जिनके पास सरदार वल्लभा पटेल औषद्यी वितरण केन्द्र की जिम्मेदारी थी उनको मुख्य स्टोर की इतनी अहम जिम्मेदारी सौंप दी गई.

आगजनी की घटना होने के कारण और इसमें हुई विभागीय क्षति के आंकलन हेतु कमेटी बनाई है, जो दो दिन के भीतर अपनी रिपार्ट सौंपेगी.

**डॉ शोभा पटेल**
**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजगढ़**

### ...क्या आगजनी की निष्पक्ष जांच हो सकेगी

आगजनी की घटना की जांच हेतु सीएमएचओ द्वारा पांच सदस्यीय टीम का गठन किया गया है किंतु इसमें जांच का मुख्य जिम्मा जिन अधिकारी को सौंपा गया है वह पूर्व से ही अनियमितताओं को लेकर विवादों में घिरे रहे है. सीएमएचओं द्वारा जांच कमेटी में मुख्य जिम्मा डॉ रजनीश शर्मा को सौंपा गया है जिन पर मुलताई बी.एम.ओ. के प्रभार में रहते हुए अनियमितिताओं को लेकर संदेह के घेरे में रहे है. वहां इनके द्वारा वर्ष 2016 में बिना सक्षम अधिकारी की स्वीकृती के अस्पताल का पुराना सामान कबाड़ में बेच जाने तथा अस्पताल परिसर में लगे सागौन के पेड़ कटवाकर अपने स्वयं के उपयोग में लेने के आरोप से वह घिरे रहे. संबंधीत प्रकरण की विभागीय जांच तत्कालीन सी.एम.एच.ओ. द्वारा करवाई गई थी जिसमें वह दोषी पाये गये.



# फसल के साथ मिट्टी तक उखाड़ रहे जंगली जानवर

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 27 दिसम्बर, का. खेतों में खड़ी फसल पर जंगली जानवरों का भारी कहर जारी है, जानवर खेतों में घुसकर फसल तो नष्ट कर ही रहे है, खेत की मिट्टी तक खोद देते है.ग्रामीणों को दिन और रात्रि में जागकर पहरेदारी कर फसलों को बचाना पड़ रहा है. साथ ही रोड पर भागते जानवर वाहन के सामने आने से कई वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटना का कारण बन रहे है. मलावर, सुठालिया, ब्यावरा, नरसिंहगढ़ क्षेत्र में जंगली जानवरों का काफी प्रकोप बना हुआ है.**

गौरतलब है कि खेतों में लहलहा रही फसलों को जानवरों के प्रकोप से बचाना ग्रामीणों के लिए एक बड़ी समस्या बनी हुई है. मलावर क्षेत्र के ग्राम शमशेरपुरा, मोरीखो, भाटपुरा, देवखेड़ी, जामुनिया, खजूरखाड़ी, तवडिया, भाटपुरा, गुंजारी, सुठालिया एवं ब्यावरा तहसील के बारवां, खजुरिया, मोर्चाखेड़ी, बरखेड़ी, बूड़ाखेड़ा सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्र में जंगली जानवरों के द्वारा फसल नष्ट की जा रही है.

**खेत की मिट्टी तक खोद देते है**

जंगली सुअर के द्वारा फसल सहित मिट्टी को उखाड़ देने से काफी नुकसान हो रहा है. जानवरों के झुंड फसल को खाने के साथ ही रौंद रहे है. खेतों में गेहूं, चना आदि फसलों को भारी नुकसान हो रहा है.

जंगली जानवरों के द्वारा फसलों को क्षति पहुंचाई जाती है तो इसकी शिकायत पर राजस्व का अमला क्षति का आंकलन करता है. इसमें वन विभाग का कर्मचारी भी वेरिफिकेशन के लिए साथ रहता है. समूची प्रक्रिया के बाद नुकसान का मुआवजा राजस्व विभाग के माध्यम से किया जाना बताया गया है.

#### कई दुपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गए

एक और जहां जंगली जानवर फसलों को तबाह कर रहे है वहीं सड़क पर दौड़ते हुए यह वाहनों से टकरा रहे है जिसके कारण क्षेत्र में कई बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होने से कुछ लोगों को चोट आई है. ग्राम शमशेरपुरा निवासी युवा प्रिंस बना के अनुसार करीब दस दिन पूर्व मलावर जा रहे शमशेरपुरा निवासी सरजन नामक ग्रामीण की बाइक के सामने एकाएक जंगली सुअरों का झुंड दौड़ता हुआ आ गया जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई. दुर्घटना में ग्रामीण को पैर में गंभीर चोट आई. इसी प्रकार पूर्व में गांव के श्री लाला बना बाइक से जा रहे थे तभी बाइक के सामने जंगली सुअर दौड़ते आ गये. बाइक का संतुलन बिगड़ने से बाइक सवार को चोट आई. इसी प्रकार करीब 20 दिन पूर्व जंगली सुअरों के सामने आने से बाइक अनियंत्रित हो गई जिस पर सवार एक पुरुष एवं दो महिलाओं को चोट आई. मलावर से 9 किमी दूर ग्राम शमशेरपुरा के रास्ते के बीच आये दिन इस तरह की दुर्घटनाएं हो रही है.

# खेल शारीरिक, मानसिक विकास में सहायक

## संस्कार एकेडमी में खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**पचोर 27 दिसम्बर, सं पचोर स्थित संस्कार एकेडमी में तीन दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ उत्साह भरे वातावरण में किया गया.**

अतिथियों ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं चारित्रिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है, उन्होंने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया.

अतिथि तहसीलदार आनंद जायसवाल, नायब तहसीलदार आर. एस. शर्मा एवं विद्यालय प्रबंधक दीपक गोयल, दिनेश गोयल, पंकज गोयल, विवेक शर्मा तथा प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा द्वारा शुभारंभ किया.

विद्यार्थियों ने स्कूल कैप्टन दीपांशी गोयल, स्पोर्टस कैप्टन वेदी चौधरी, गांधी हाउस कैप्टन भाग्यश्री पच्चीसीया, सुभाष हाउस कैप्टन अतुल लोधी, कलाम हाउस कैप्टन सुमन शर्मा, टैगोर हाउस कैप्टन पंखुड़ी सक्सेना के नेतृत्व में आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया.

इस दौरान एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट शतरंज सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी. आयोजन में कोऑर्डिनेटर इरशाद अहमद तथा सह कोऑर्डिनेटर कवलप्रीत, रियांशी गोयल, मानसी सिंह, हंसराज गुर्जर, सत्यनारायण शर्मा, सौरभ शर्मा, रोशन शाह, कमलकांत, प्रियंका सक्सेना, विपिन भागवत, विजेंद्र सिंह परमार, मोहन , राहुल राठौर, राजेंद्र प्रसाद आदि का विशेष सहयोग रहा.

# खेल महोत्सव में छात्रों का शानदार प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**करनवास 27 दिसम्बर, सं. सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत खेल प्रतियोगिताओं में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीलवाड़िया के खिलाड़ियों ने अपने असाधारण प्रदर्शन से पूरे जिले में विद्यालय का नाम रोशन किया है.**

भीलवाडिया की टीम ने रस्साकशी में जिला स्तरीय खिताब जीतकर अपनी ताकत का लोहा मनवाया, वहीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भी उपविजेता का स्थान हासिल कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया.

जीतने वाले खिलाड़ियों में अभिषेक यादव, अमित यादव, विनोद वर्मा, मोहित यादव, युवराज यादव, देवराज इंदौरिया, देवराज गुर्जर, धर्मराज भिलाला, अखलेश वर्मा और आशीष यादव शामिल हैं. वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भी भीलवाड़िया के खिलाड़ियों ने शानदार किया और उपविजेता रहे. टीम का नेतृत्व अभिषेक यादव, अमित यादव, सुमित यादव, प्रशांत यादव, मोहित मालवीय, देवराज इन्दोरा, हर्षवर्धन कारपेंटर, सोनू मालवीय, सुमित सक्सेना, प्रद्युम्न तिवारी, दुर्गेश इन्दोरा और देवेन्द्र भिलाला ने किया.

# प्लास्टिक ड्रम निर्माण इकाई से मिला एक दर्जन को रोजगार

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 27 दिसम्बर, का. एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के तहत तहसील नरसिंहगढ़ निवासी श्रीमती हरसिद्धि भदोरिया ने जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहयोग से स्थापित प्लास्टिक ड्रम निर्माण इकाई की स्थापना की.**

श्रीमती हरसिद्धि भदोरिया बताती है कि उन्होंने इस



परियोजना में लगभग चार करोड़ रूपये का निवेश किया है. साथ ही वह स्थानीय 10 बेरोजगार लोगों को रोजगार उपलब्ध करवा रही है.

उन्होंने बताया कि यह योजना न केवल मेरे उद्यम के विकास में सहायक सिद्ध हुई है. बल्कि क्षेत्र में रोजगार सृजन और औद्योगिक गतिविधियों को भी बढावा दे रही है. मैं इस योजना के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और स्थानीय जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र द्वारा मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं.

#### अतिथियों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित

**पचोर 27 दिसम्बर, सं.** लायंस क्लब पचोर को पहली बार अंतरराष्ट्रीय अतिथियों की मेजबानी का अवसर प्राप्त हुआ. लायंस क्लब के यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत इटली से आई लायन वैलेंटिना एवं लायन कैमिला ने पचोर में सात दिवस का प्रवास किया. प्रवास के दौरान दोनों अतिथियों ने पचोर, सारंगपुर, नरसिंहगढ़ एवं ब्यावरा में आयोजित लायंस क्लब के विभिन्न सामाजिक एवं सेवा कार्यक्रमों में सहभागिता की. प्रवास के समापन पर शुक्रवार की शाम लायंस क्लब पचोर द्वारा दोनों अंतरराष्ट्रीय अतिथियों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया. इस अवसर पर क्लब पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया और सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दीं. इस मौके पर क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र भदौरिया, सीए गजेंद्र मंडलोई उपस्थित रहे. संचालन डॉ अंजली भदोरिया ने किया.

# वाहन की टक्कर से राहगीर की मौत

**करनवास 27 दिसम्बर, सं.** करनवास थानांतर्गत हाईवे पर ग्राम दूधी के यहां शुक्रवार की रात्रि 10.30 बजे अज्ञात वाहन द्वारा एक पैदल राहगीर को टक्कर मार दी जिससे राहगीर का निधन हो गया. पुलिस के अनुसार नरसिंहगढ़ थानांतर्गत ग्राम शंकरपुरा निवासी बने सिंह पिता हरकिशन जांगड़ा उम्र 50 साल पैदल जा रहा था कि वासु होटल के सामने ब्यावरा तरफ से एक अज्ञात वाहन द्वारा तेज गती व लापरवाही पूर्वक राहगीर को टक्कर मार दी. गंभीर चोट के चलते राहगीर का प्राणांत हो गया. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है.



#### एसके कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा सांसद खेल महोत्सव में अव्वल

**जीरापुर 27 दिसम्बर, सं.** सांसद खेल महोत्सव प्रतियोगिता में एस के कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र ने योगा में रोहित मालाकार ने द्वितीय स्थान तथा रिहान पठान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. कबड्डी प्रतियोगिता में अंकित मालाकार, अर्जुन जायसवाल, वैभव बागड़ी एवं हर्ष बागड़ी की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया. प्राचार्य जयप्रकाश जयसवाल, प्रबंधक भगवान दांगी, खेल शिक्षक मोहित परिहार ने छात्रों को सम्मानित किया.

# जेपी को हराकर केदार लीजेंड ने मैच जीता

## स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों ने दिखाया अपना बेहतरीन प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 27 दिसम्बर, सं.** एमपीएल 4 जिसमें बहुत ही शानदार मुकाबला देखने को मिला केदार लीजेंड 11 वर्सेस जेपी 11 दोनों ही टीम का रोमांचक मुकाबला रहा.

टीम 10 ओवरों का मैच खेली इसमें रन चाहिए केदार 11 ने जेपी 11 को 128 रनों का लक्ष्य दिया जिसको पीछे करते हुए जेपी 11 6 रनों से बहुत ही रोमांचक मुकाबला हार गई यह गेम उन्हीं के हाथों में था. जेपी 11 के हाथों में लेकिन कुछ ही पल में केदार और राकेश की शानदार बॉलिंग वापसी कराकर इस मैच को केदार 11 द्वारा जीत लिया गया. इस मौके पर प्रथम पुरस्कार ओम संस्कार एकेडमी के संचालक केदार पुष्पा द्वारा एवं सुनील निवारा ने दिया. दूसरा पुरस्कार संजू लोधी आर्मी की तरफ से दिया. सेकंड ट्रॉफी विशाल लोधी आर्मी की तरफ से दी गई. जो बॉर्डर पर अभी भी तैनात है. इसी मौके पर युवा कांग्रेस मंडल अध्यक्ष कपिल कारपेंटर, अंकित सक्सेना, समाजसेवी स्वतंत्र सक्सेना, पोस्टमैन राकेश तोमर सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे.

**अव्यवस्था** ▶ **सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डिमांड अनुसार नहीं आ पा रही बेडशीड**

# बेडशीट के अभाव से जूझ रहे शासकीय अस्पताल

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/नरसिंहगढ़/ पचोर 27 दिसम्बर, सं स्थानीय सिविल अस्पताल सहित नरसिंहगढ़, पचोर आदि जगह शासकीय अस्पतालों को बेडशीड की कमी से जूझना पड़ रहा है जिसके कारण ठंड के दिनों में मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है. इसी कमी के चलते ब्यावरा सिविल अस्पताल के स्टॉफ, कर्मचारियों के द्वारा आपसी सहयोग कर सौ से अधिक बेडशीड खरीदी है.**

जानकारी के अनुसार शासकीय अस्पतालों में बेडशीड की कमी होना सामने आया है. अस्पतालों की डिमांड के अनुसार बेडशीड नहीं आ पा रही है. नरसिंहगढ़ सिविल अस्पताल हेतु भी नवीन बेडशीड की डिमांड भेजी है किंतु अभी नई बेडशीड नहीं आयी है.





**आधी भी नहीं आ पा रही बेडशीड** बताया जाता है कि जितनी डिमांड की जा रही है उसके मान से बेडशीड उपलब्ध नहीं हो पा रही है. ब्यावरा सिविल अस्पताल के स्टोर रुम प्रबंधन के अनुसार सिविल अस्पताल से करीब 200 बेडशीड की मांग किया जाना बताया जाता है जबकि इसके आधी भी बेडशीड उपलब्ध नहीं हो पा रही है. कुछ यही स्थिति जिले के अन्य शासकीय अस्पतालों की बताई जाती है.

### आपसी सहयोग से लाए 113 बेडशीड

जानकारी के अनुसार ब्यावरा सिविल अस्पताल में बेडशीड की कमी के चलते अस्पताल के स्टॉफ सदस्यों, कर्मचारियों के द्वारा आपसी सहयोग कर 113 बेडशीड खरीदकर अस्पताल प्रबंधन को प्रदान की गई. इससे बेडशीट की समस्या से जूझ रहे सिविल अस्पताल को काफी हद तक मरीजों को राहत मिल सकेगी.

---

सौ बिस्तर वाले नरसिंहगढ़ सिविल अस्पताल में नवीन बेडशीड हेतु डिमांड गई है, हांलाकि अभी नई बेडशीड नहीं आई है.

**डॉ. गौरव त्रिपाठी**
**अधीक्षक, सिविल अस्पताल नरसिंहगढ़**

---

डिमांड अनुसार बेडशीड उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में प्रबंधन द्वारा आवश्यकता पढ़ने पर रोकस के माध्यम से बेडशीड की खरीदी कर ली जाती है.

**विकास शर्मा अधीक्षक**
**सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र पचोर**

---

# लोनावला-खंडाला पहुंचा अग्रवाल एकेडमी का शैक्षणिक भ्रमण

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 27 दिसम्बर, सं. अग्रवाल एकेडमी द्वारा 21 दिसंबर से 25 दिसंबर तक विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया. जिसमें विद्यालय के 40 विद्यार्थी 21 दिसंबर को लोनावला(महाराष्ट्र) के लिए रवाना हुए. वहां इमेजिका वाटर पार्क का भ्रमण किया.**

विद्यार्थियों ने वाटर राइड्स, लंच, चाय-नाश्ता, म्यूजिक, डांस और ष्ठ्छ नाइट का भरपूर आनंद लिया. 24 दिसंबर को लोनावला-खंडाला साइट सीन कराया जिसमें खंडाला का टाइगर पॉइंट और लोनावला का हॉन्टेड हाउस और वैक्स म्यूज़ियम, लोनावला स्थित नारायण मंदिर का दर्शन शामिल रहा. इसके बाद लोनावला मार्केट भ्रमण किया, कांतारा होटल पहुंचकर उत्तम भोजन किया गया तथा रात्रि यात्रा करते हुए 25 दिसंबर को सभी सुरक्षित सुठालिया लौटे. भ्रमण में विद्यालय के प्रबंधन कमेटी के सदस्य अध्यक्ष महेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष दीपक गोयल, कोषाध्यक्ष महेश गोयल, एकेडमिक डायरेक्टर आकाश अग्रवाल एवं सचिव मनील गोयल का विशेष सहयोग रहा. यात्रा में संगीत शिक्षिका नंदिता तिवारी, खेल शिक्षिका पल्लवी सिंह, गणित शिक्षक भरत दांगी, इंग्लिश शिक्षक राज शर्मा ( शास्त्री स्कूल पचोर) एवं इंग्लिश शिक्षिका यशस्वी चौधरी का विशेष योगदान रहा.